बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

परिवेश भवन, पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र, पटना–800 010
दूरभाष नं0–0612-2261250/2262265, फैक्स–0612-2261050
ई–मेल–bspcb@yahoo.com, वेबसाईट–http://bspcb.bih.nic.in

पत्रांक–पी.सी./पी.आर.–105/प्रेस विज्ञप्ति/2019/**PR/3** पटना, दिनांक:–02.06.2019

प्रेस–विज्ञप्ति

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस, 2019 के लिए 'यूनाइटेड नेशन्स इन्वायरमेंट प्रोग्राम' (UNEP) द्वारा घोषित विषय–वस्तु ''वायु प्रदूषण'' पर केन्द्रित पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान दिनांक 25 मई, 2019 से प्रारंभ की गयी है।

आज प्रातः 6:30 बजे **साइकिल रैली** में शामिल तरूमित्र संस्था से संबद्ध छात्र–छात्राऐं जलालपुर सिटी होम्स परिसर में इक्कठे हुए। रैली को तरूमित्र की फिटनेस पार्टनर एवं एटिच्यूड एकेडमी की संचालिका सुश्री चुमकी दास द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यहां से रैली प्रारंभ होकर बेली रोड होते हुए सगुना मोड़ पर समाप्त हुई। रैली में तरूमित्र के करीब 51 छात्र–छात्राऐं शामिल थे। रैली में शामिल छात्र–छात्राऐं अपनी शरीर पर पर्यावरण संरक्षण संबंधी नारे लिखे आकर्षक पोस्टर लगाये हुए थे।

सगुना मोड़ पर पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ''वायु प्रदूषण'' पर केन्द्रित 'नुक्कड़ नाटक' ''जमाना बदलेगा'' का मंचन किया गया। जिसे वहां उपस्थित जन–समूह द्वारा सराहा गया। नुक्कड़ नाटक श्री विज्येन्द्र कुमार टॉक द्वारा निर्देशित था।

नुक्कड़ नाटक के पश्चात वहां उपस्थित छात्र–छात्राऐं द्वारा वायु प्रदूषण पर केन्द्रित ''एडेसिव स्टीकरों'' जिस पर लिखा था 'CARE FOR AIR ' ; 'स्वच्छ वायु–लंबी आयु' को वहाँ से गुजरते करीब 500 वाहनों पर चिपकाया गया।

उक्त नुक्कड़ नाटक का मंचन पुनः आज शाम 5:30 बजे से 6:30 बजे के बीच दानापुर स्टेशन के समीप में किया जायेगा।

वीरेन्द्र कुमार
02.06.2019
(वीरेन्द्र कुमार)
जन–सम्पर्क पदाधिकारी